रॉयल बुलेटिन
एक अखबार – सारा संसार

मेरठ में ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर बिक रहा था नकली कॉस्मेटिक, दो दुकानदार हिरासत में



मेरठ। थाना रेलवे रोड पुलिस ने मंगलवार को दो दुकानों पर छापा मारकर ब्रांडेड कंपनियों के नाम से बिक रहे नकली कॉस्मेटिक उत्पादों का भंडाफोड़ किया। इस मामले में पुलिस ने दोनों दुकानदारों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, कुछ ब्रांडेड कॉस्मेटिक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने रेलवे रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि शहर की कुछ दुकानों पर उनकी कंपनियों के नकली उत्पाद बेचे जा रहे हैं, जिससे न केवल कंपनी की साख को नुकसान हो रहा है बल्कि ग्राहकों की सेहत से भी खिलवाड़ हो रहा है।

Source: https://royalbulletin.in/fake-cosmetic-two-shopkeepers-were-being-sold-in-custody-in-the-name-of-branded-companies-in-meerut/340056